साहस की जिंदगी बड़ी जिंदगी होती है। ऐसी जिंदगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि यह बिल्कुल निडर तथा बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान होती है कि वह इस बात की चिंता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले उसके बारे में क्या सोच रहे हैं। जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला व्यक्ति दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी आदमी से मिलता है। अड़ोस-पड़ोस देखकर चलना, यह साधारण जीव का काम है। क्रांति करने वाले लोग अपने उद्देश्यों की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।

(i) सबसे बड़ी जिंदगी कौन-सी है?

(क) निडर की (ख) साहस की (ग) ताकतवर की

(ii) दुनिया की असली ताकत कौन होते हैं?

(क) जनता की उपेक्षा करने वाले

(ख) जनमत वाले

(ग) समाज को मानने वाले

(iii) अड़ोस-पड़ोस को देखकर कौन चलते हैं?

(क) साहसी व्यक्ति (ख) बहादुर व्यक्ति (ग) समाज को मानने वाले

(iv) इनमें कौन-सा शब्द पर्यायवाची नहीं है?

(क) व्यक्ति (ख) आदमी (ग) मनुष्य

(v) कौन-सा शब्द युग्म विलोम नहीं है?

(क) निडर-डरपोक (ख) साहसी-कायर (ग) हिम्मत-साहस